# किसानों को 200 करोड़ रुपए होंगे अंतरित

## सीएम देंगे विकास कार्यों की सौगातें

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 28 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 29 जनवरी को मंदसौर जिले के मल्हारगढ़ में आयोजित सोयाबीन भावांतर राशि भुगतान के कार्यक्रम में शामिल होंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में चौथी किस्त के रूप में प्रदेश के एक लाख 17 हजार किसानों को 200 करोड़ की भावांतर राशि का भुगतान करेंगे.**

यह राशि उन किसानों को भुगतान की जाएगी, जिन्होंने 20 दिसंबर 2025 से योजना समाप्ति तक सोयाबीन का विक्रय किया है.



अब तक प्रदेश के कुल 7 लाख 10 हजार किसानों को 1492 करोड़ रुपए की भावांतर राशि का भुगतान किया जा चुका है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंदसौर जिले के मल्हारगढ़ में 69.50 करोड़ रूपये के विकास कार्यों की सौगात देंगे. जिसमें 51.91 करोड़ रुपए की लागत से मंदसौर-नीमच स्टेट हाईवे पर स्थित मल्हारगढ़ 4-लेन फ्लाई-ओवर का भूमि-पूजन, 5.53 करोड़ रुपए की लागत से पिपलिया मंडी समपार रेलवे अंडर ब्रिज का भूमि-पूजन एवं 2.06 करोड़ रुपए की लागत से मल्हारगढ़ रेलवे स्टेशन रोड पर पुल निर्माण कार्य का लोकार्पण करेंगे. इन विकास कार्यों से क्षेत्र में यातायात सुविधा सुदृढ़ होगी तथा आमजन को आवागमन में राहत मिलेगी.

## फसलों को हुई क्षति का होगा आंकलन, सीएम ने दिए निर्देश

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने असमय वर्षा के कारण फसलों को हुई क्षति का आंकलन करने के निर्देश दिए हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के साथ खड़ी है. प्रदेश के हर जिले में प्रशासन असमय वर्षा, मावठे के प्रति सतर्क रहे. जिला प्रशासन किसानों को असमय वर्षा से होने वाली क्षति से बचाने का प्रयास करे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में मौसम की विपरीत परिस्थियों और असमय वर्षा की स्थिति में राज्य किसान भाइयों के साथ खड़ी है. प्रदेश में मावठा से फसलों को हुए नुकसान के सर्वे के लिए जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं. किसानों की समस्याओं का हल करने प्रशासन को अलर्ट किया गया है.



# लाल परेड मैदान में बीटिंग द रिट्रीट आज

## गणतंत्र दिवस समारोह का होगा औपचारिक समापन

▶ रिहर्सल में प्रधान आरक्षक ने निभाई मुख्य अतिथि की भूमिका

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 28 जनवरी. मप्र में गणतंत्र दिवस समारोह का समापन 29 जनवरी को बीटिंग द रिट्रीट समारोह के साथ होगा. समारोह का आयोजन राज्यपाल मंगूभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में सायंकाल 4.30 बजे जहांगीराबाद स्थित लाल परेड मैदान में होगा.**

बुधवार को पुलिस महानिरीक्षक इरशाद वली के मार्गदर्शन में सायंकाल बीटिंग द रिट्रीट कार्यक्रम की फायनल रिहर्सल की गई. मुख्य अतिथि की भूमिका सातवीं बटालियन के



प्रधान आरक्षक राजमणि सिंह बघेल ने निभाई. इस अवसर पर उप पुलिस महानिरीक्षक मध्य क्षेत्र एसएएफ ओमप्रकाश त्रिपाठी, सेनानी 7वीं वाहिनी हितेश चौधरी सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे. बीटिंग द रिट्रीट कार्यक्रम में पुलिस बैण्ड द्वारा कॉन्सर्ट, पुलिस ब्रास बैण्ड एवं आर्मी बैंड द्वारा डिस्पले तथा पाईप बैण्ड द्वारा संगीतमयी और मनोहारी प्रदर्शन किया जाएगा.

कार्यक्रम की शुरूआत शाम 4.30 बजे राज्यपाल मंगूभाई पटेल के आगमन के साथ होगी. फिर पुलिस ब्रास बैण्ड द्वारा क्लासिकल धुनों के साथ ही नई एवं पुरानी हिन्दी फिल्मों के गानों की संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी. पुलिस बैण्ड एवं आर्मी बैंड द्वारा मार्चपास्ट करते हुए बैण्डवार व सामूहिक प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी. बैण्ड प्रदर्शन उपरांत गार्ड द्वारा ध्वजअवरोहण की कार्यवाही उपरांत पिस्टल /एलएमजी फायर, रंगीन लाइटिंग, आतिशबाजी आकर्षण का केन्द्र होगी.

# उच्च शिक्षा व्यवस्था अधिक सुदृढ़ व पारदर्शी हो : मंत्री परमार

**भोपाल, 28 जनवरी. उच्चतम न्यायालय के निर्देश एवं मुख्य सचिव की 5वीं कॉन्फ्रेंस के अनुक्रम में बुधवार को उच्च शिक्षामंत्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में राज्य के समस्त सार्वजनिक विश्वविद्यालयों के कुलगुरुओं की बैठक हुई. बैठक में मंत्री श्री परमार ने विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए.**

बैठक में उच्च शिक्षा व्यवस्था को गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए.



उच्चतम न्यायालय द्वारा 15 जनवरी को पारित एक आदेश के अनुपालन में निर्णय लिया गया कि किसी भी छात्र की आत्महत्या अथवा अप्राकृतिक मृत्यु की जानकारी मिलते ही संबंधित शैक्षणिक संस्थान द्वारा तत्काल पुलिस को सूचना देना अनिवार्य होगा, चाहे घटना संस्थान परिसर के भीतर हुई हो या बाहर. इसके अतिरिक्त ऐसी घटनाओं की वार्षिक रिपोर्ट विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं संबंधित नियामक संस्थाओं को प्रस्तुत करना भी आवश्यक होगा.

बैठक में मंत्री श्री परमार ने कहा कि आवासीय शैक्षणिक संस्थान में आपातकालीन चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध कराई जाए

**▶ मंत्री के अन्य महत्वपूर्ण निर्देश**

मंत्री श्री परमार ने सभी विश्वविद्यालयों को परीक्षा प्रणाली में डिजिटल मूल्यांकन को चरणबद्ध रूप से अनिवार्य रूप से अपनाने के निर्देश दिए. श्री परमार ने विश्वविद्यालयों को अपनी अकादमिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों के लिए समर्थ डिजिटल प्लेटफॉर्म को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश भी दिए. पीएम ऊषा योजना के अंतर्गत विश्वविद्यालयों को आवंटित राशि का निर्धारित समय-सीमा में विभिन्न मदों में पूर्ण उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. मंत्री श्री परमार ने विश्वविद्यालयों को शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार, नवाचार, अनुसंधान एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा को प्राथमिकता देने को भी कहा.

## चाकू से जानलेवा हमले के 4 आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल.** माजिद खां (55) निवासी अहमद अली कॉलोनी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई. बताया कि उनके बेटे फईम का पास में रहने वाले कुछ युवकों से विवाद हो गया. विवाद के दौरान 4 आरोपी युवकों को ने फईम पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया. आरोपी अनस, साजिद, सोराब और साकिब ने फईम को बीच में बचाने के लिए आए, उसके एक और दोस्त को भी मारपीट कर घायल कर दिया. पुलिस ने चारों के खिलाफ हत्या के प्रयास दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है.

# मध्यप्रदेश को मिले 36 राप्रसे अधिकारी

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 28 जनवरी. मप्र को बुधवार को राज्य प्रशासनिक सेवा के 36 नये अफसर मिल गये हैं. सामान्य प्रशासन विभाग ने इन अफसरों को फिलहाल सामान्य प्रशासन विभाग पूल में पदस्थ कर दिया है. अब इन डिप्टी कलेक्टरों की मैदानी पदस्थापना होगी.**

मप्र लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा परीक्षा 2023 आयोजित की गई थी. इस परीक्षा के परिणाम के बाद आयोग ने नियुक्ति के लिये मुख्य सूची जारी कर अनुशंसा कर दी थी. उसके बाद वर्ष 2023 बैच के लिये कुल 24 अफसरों को डिप्टी कलेक्टर के पद पर दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि के लिये पदस्थ किया गया है. इसी तरह वर्ष 2024 के लिये आयोग की परीक्षा के बाद चयनित 12 उम्मीदवारों को डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदस्थ किया गया है. इस तरह वर्ष 2023 और वर्ष 2024 की राज्य सेवा परीक्षा के बाद कुल 36 अफसरों को डिप्टी कलेक्टर के पद पर जीएडी पूल में पदस्थ किया गया है.

# गिरधर पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव



**मंडीदीप, 28 जनवरी.** शहर के गिरधर पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव का धूमधाम के साथ आयोजन किया गया. कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के नन्हे-मुन्न एससी विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गई. मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों एवं दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया.

बच्चों की नृत्य, गीत एवं नाट्य प्रस्तुतियों ने खूब तालियाँ बटोरीं. इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष रघुनाथ पाटीदार एवं सचिव अरविंद पाटीदार मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहे. इस गरिमामय आयोजन में संस्थान के अध्यक्ष रघुनाथ पाटीदार , सचिव अरविन्द पाटीदार, प्रबंध संचालक नीलेश पाण्डेय , सरिता हजारे, रामशंकर ठाकुर, शिवानी जैन, स्वीटी गौतम, रानी मंडलोई, मधु यादव सहित बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे.

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल, 28 जनवरी.** खजूरी सड़क इलाके में एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. पुलिस को मौके पर सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ. शव का पीएम कराते हुए पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. मिली जानकारी के मुताबिक अजय मालवीय (26) ग्राम फंदा में रहता था. अजय मजदूरी का काम करता था. परिजनों ने मंगलवार की सुबह उसे कमरे में फंदे पर लटका देखा. तुरंत ही पुलिस को सूचना देते हुए अजय को फंदे से उतारा गया. प्राथमिक जांच के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

# नपाध्यक्ष ने अपने कार्यालय की शिकायत कलेक्टर से की

▶ कांग्रेस ने मांगा इस्तीफा ▶ मंडीदीप नगर पालिका में भ्रष्टाचार का नया मामला

**मंडीदीप, 28 जनवरी. नगर पालिका ( नपा ) में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर ताजा विवाद गरमाया हुआ है. इस बार खुद नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल ने अपने कार्यालय में चल रहे भ्रष्टाचार की शिकायत जिला कलेक्टर से की है. कलेक्टर ने मामले पर संज्ञान लेते हुए जिला परियोजना अधिकारी को जांच के निर्देश दिए हैं और कॉलोनी सेल से जुड़ी सभी संबंधित फाइलें जिला मुख्यालय पर तलब की गई हैं.**



कांग्रेस ने इस शिकायत को आधार बनाते हुए नपा अध्यक्ष पर तीखा हमला बोला है. कांग्रेस का कहना है कि यदि कोई अध्यक्ष अपने ही कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में असफल साबित हो रहा है, तो नैतिकता के आधार पर उसे पद से इस्तीफा दे देना चाहिए. कांग्रेस ने इसे अध्यक्ष की विफलता और जवाबदेही का मामला बताया है.

> जब इस संबंध में नपा अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल तथा अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र अग्रवाल से मोबाइल, घर या कार्यालय के माध्यम से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उन्होंने किसी भी प्रकार की प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया.



# 26 रोगियों ने कराया निशुल्क नेत्र परीक्षण


**मंडीदीप, 28 जनवरी.** मंडीदीप शहर में पटेल नगर में स्थित सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय पर निशुल्क नेत्र रोग निदान एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन समाजसेवी जगदीश सोनी के चिकित्सालय पर किया गया, जिसमें 26 रोगियों ने निशुल्क नेत्र परीक्षण कराया. 16 रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए बैरागढ़ रेफर किया, जहां नेत्र प्रत्यारोपण काला चश्मा दवाइयां वितरित की गई. इस अवसर पर डॉक्टर दीपक नामदेव ,रानू परमार, सलोनी मांझी सहित अनेक लोगों का स्टाफ मौजूद था.

# एमडी ड्रग्स फैक्ट्री का किया भंडाफोड़

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 28 जनवरी. पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के निर्देश पर प्रदेशभर में संगठित मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आगर मालवा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने अंतरराज्यीय स्तर पर संचालित एमडी ड्रग्स निर्माण इकाई का भंडाफोड़ करते हुए करीब 5 करोड़ रुपये मूल्य के अवैध मादक पदार्थ एवं उपकरण जब्त किए हैं.**

यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, उज्जैन जोन, उमेश जोगा एवं पुलिस उप महानिरीक्षक, उज्जैन रेंज, नवनीत भसीन के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में की गई. 20 जनवरी को कोतवाली पुलिस ने सुसनेर निवासी फैजान को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 330 ग्राम एमडी ड्रग्स, जिसकी अनुमानित कीमत 33 लाख रुपये है, बरामद की.



पूछताछ में राजस्थान से मादक पदार्थों की आपूर्ति का खुलासा होने पर 28 जनवरी को मध्य प्रदेश और राजस्थान पुलिस की संयुक्त टीम ने झालावाड़ जिले में दबिश दी. यहां बड़ी मात्रा में एमडी ड्रग्स, स्मैक, केटामाइन, रसायन, मशीनरी, हथियार और मोबाइल फोन जब्त किए गए. पूरे नेटवर्क की जांच जारी है.

## प्रभात फेरी में छात्राओं पर गंदगी फेंकी

छापीहेड़ा. नगर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर कन्या माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं द्वारा अपनी शाला में झंडा वंदन करने के बाद प्रभात फेरी निकालते समय शाला भवन परिसर के पास निवासरत लोगों ने छात्राओं पर गंदगी के डायपर फेक छात्राएं झंडा वंदन के लिए नगर परिषद में राष्ट्रगान कर बस स्टैंड परिसर में झंडा वंदन किया जब प्रधानाध्यापक नंदराम मालवीय ने थाना प्रभारी संगीता शर्मा को इस बारे में मोबाइल से बताया तो उनका जवाब संतोष प्रदाय नहीं था उन्होंने कहा मैं क्या करूं आक्रोश में आकर छात्राओं द्वारा स्टेट हाईवे पचोर जीरापुर रोड पर जाम लगा दिया अनंत फानन में थाना प्रभारी मौके पर पहुंची जाम खुलवाने को कहा नहीं तो कार्यवाही करूंगी.

# वेतन का संकट : ब्यावरा नपा कर्मियों ने दिया अल्टीमेटम

**ब्यावरा 28 जनवरी, का. नगर पालिका परिषद ब्यावरा के कर्मचारियों द्वारा बीते कई माह से वेतन नहीं मिलने सहित सात सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि आठ दिन में मांगे पूरी नहीं होने पर काम बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे.**

एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि नपा कर्मचारियों को विगत 4 माह से वेतन नहीं मिला है. परमानेंट एवं स्थाई कर्मचारियों का 5 माह एवं संविदा कर्मियों को 7 माह से वेतन नहीं मिला है. कामगारों के वेतन का प्रत्येक माह की 5 तारीख तक भुगतान किया जाये. कर्मचारियों की भविष्य निधि की राशि 2011 से नपा द्वारा काटी जा रही है, किंतु 2011 से 13 एवं 2018-19 का रुपया भविष्य निधि कार्यालय में जमा नहीं हुआ है. परीक्षा अवधि पूरी होने पर कर्मचारी का जो एरियल बनता है वह भुगतान कराया जाए.


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व सामान्य को सूचित किया जाता है विवाह के पूर्व मेरा नाम नंदनी वंशकार था। विवाह के पश्चात मेरा नाम नंदनी बंसोड हो गया है। अब मुझे नंदनी बंसोड पत्नि शशांक बंसोड, निवासी- मकान नं.18, एस्सारजी कैंपस, एमजीएम विद्यालय के पास, अवधपुरी, भोपाल (म.प्र.) के नाम जाना व पहचाना जावें।


**बैठक** ▶ संभाग आयुक्त संजीव सिंह ने सभी कलेक्टरों को दिए निर्देश

# प्राकृतिक खेती के लिए किसानों को करें प्रोत्साहित : सिंह

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 28 जनवरी. संभागीय कार्यालय में आज किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बैठक आयोजित की गई जिसमें संभाग आयुक्त संजीव सिंह ने सभी कलेक्टरों को उक्त फसल को बेचने के लिए जगह सुनिश्चत कराने के लिए निर्देशित किया. बता दें कि भारत सरकार के साथ ही प्रदेश सरकार जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए योजना चला रही है.**

किसानों के मामल लापरवाही बर्दाश्त नहीं

उन्होंने कहा कि जिलों में शासन की बैंक लिंकेज, डीबीटी योजनाओं में शत- प्रतिशत लक्ष्य पूरा किया जाए. किसानों के मामले में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. केन्द्र एवं राज्य द्वारा संचालित कृषि, तिलहन, खाद्य एवं पोषण सुरक्षा, लघु सिंचाई योजना के अंतर्गत स्प्रिंकलर एवं ड्रीप सिस्टम, किसान क्रेडिट कार्ड, कस्टम हायरिंग सेंटर,अभियान एवं योजनाओं के लक्ष्य एवं पूर्ति शत-प्रतिशत की जाए. जिलों में मृदा परीक्षण, बीजों के प्रमाणीकरण की व्यवस्था की जाए. जिससे किसानों को बीच की जांच कराने के लिए कहीं भटकना नहीं पड़े, और समय पर उनको जांच रिपोर्ट मिल सके. प्रमाणीकरण के आधार पर ही फसल की बावनी करने में आसानी हो. उन्हें किसी भी तरह की हानि न हो. उन्होंने कृषक कल्याण वर्ष 2026 में प्रस्तावित गतिविधियों के क्रियान्वयन में विभागीय योजनाओं की निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति की जाए.



> कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रमों में कृषि एवं पशुपालन, मत्स्य, मण्डी एवं सांची दुग्ध संघ के साथ अशासकीय संगठनों की भागीदारी को बढ़ाना. कृषि विज्ञान केन्द्र भोपाल एवं कृषि अनुसंधान केन्द्रों की मदद से समन्वित कृषि पद्धति, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन जैसे सहायक व्यवसायों, प्राकृतिक खेती, सामुहिक प्रयास एवं उनकी क्षमता विकसित करना, महिला कृषक समूहों को संगठित कर कृषि के क्षेत्र में भागीदारी बढ़ाना एवं किसान, कृषि वैज्ञानिक एवं विस्तार के साथ सपोर्ट सिस्टम, उद्यानिकी विभाग की योजना के माध्यम से किसानों का मुखी विकास करना है.


**Online Tender "Supply OF Finger Print Item of MP POLICE"**

**STATE CRIME RECORDS BUREAU, POLICE HEADQUARTER, M.P., BHOPAL**

No./ PHQ / SCRB / STORE / 196 / 2026 — Bhopal, Dated 22.01.2026

**ONLINE TENDER NOTICE**

Online tenders are invited by Assistant Inspector General of SCRB, Police Head Quarter, Bhopal on behalf of DGP (MP) for the following on website https://mptenders.gov.in/nicgep/app

| SN. | Name of Works | Tender Fees (Rs.) | EMD Paid Online Through mptenders.gov.in |
|---|---|---|---|
| 1 | Supply OF Finger Print Item of MP POLICE | 10,000/- | 4,68,000/- |

1. Cost of tender document (Tender Fee) is non-refundable and cannot be exempted in any condition & must submit online through website https://mptenders.gov.in/nicgep/app
2. Tender document can be downloaded from the website of MP Police (www.mppolice.gov.in)
3. Bids shall be submitted online only at MP Tenders website: https://mptenders.gov.in/nicgep/app
4. **Critical Date Sheet**

| | |
|---|---|
| Published Date: | 22/01/2026 Time 17:00 |
| Bid Document Download Start Date: | 22/01/2026 Time 17:00 |
| Pre-bid meeting: | 27/01/2026 Time 12:00 |
| Bid Submission Start Date: | 30/01/2026 Time 11:00 |
| Bid Submission End Date: | 05/02/2026 Time 17:00 |
| Bid Document Download End Date: | 05/02/2026 Time 17:00 |
| Bid Opening Date: | 06/02/2026 Time 17:00 |

5. Intending bidders are advised to visit this website regularly till closing date of submission to keep themselves updated as any change/modification in the tender will be intimated through this website only by corrigendum/ addendum/amendment.
6. Bids will be opened as per date/time as mentioned in the Tender Critical Date Sheet. After online opening of Technical-Bid the results of their qualification as well Price-Bid opening will be intimated latter.

**AIG SCRB**
**For: DGP SCRB**
**PHQ Bhopal (M.P.)**

G24986/25